SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

CS (Main) Exam,2019

**SDF-B-HST**

# इतिहास / HISTORY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : **तीन** घंटे | अधिकतम अंक : **250** |
| Time Allowed : **Three** Hours | Maximum Marks : **250** |

---

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*



SPM IAS ACADEMY

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड A
## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए/निम्नलिखित का उत्तर दीजिए :**

**Critically examine the following statements / Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "टीपू सुल्तान मैसूर में, महत्त्वाकांक्षी भूभागीय इरादों वाला, एक शक्तिशाली केन्द्रीकृत एवं सैन्यीकृत राज्य के निर्माण का प्रयास कर रहा था ।"

"Tipu Sultan was trying to build in Mysore a strong centralised and militarised state, with ambitious territorial designs." *10*

(b) "स्वतंत्रता प्राप्त हो जाने पर ही, जब आर्थिक विकास एक सजग एवं निरंतर अपनाई गई नीति बनी, रेलवे ने भारतीय अर्थव्यवस्था के रूपान्तरण में सहायक हो सकने की अपनी क्षमता का बोध करना आरम्भ किया ।"

"Not until independence, when economic development became a conscious and pursued policy, did the Railways begin to realize their potential for assisting in the transformation of the Indian economy." *10*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(c) "तर्कवाद एवं धार्मिक सार्वभौमवाद सुधार आन्दोलनों को ज्ञापित करने वाली दो महत्त्वपूर्ण बौद्धिक कसौटियाँ थीं ।"

"Two important intellectual criteria which informed the reform movements were rationalism and religious universalism." *10*

(d) "... कोल विद्रोह मुख्यत: छोटानागपुर के जनजातीय निवासियों का ग़ैर-जनजातीय अधिवासियों एवं सेवारत-व्यक्तियों के विरुद्ध युद्ध था ।"

"... the Kol Insurrection was mainly a war of the tribal inhabitants of Chotanagpur against the non-tribal settlers and service-holders." *10*

(e) "क्रिप्स मिशन निरन्तर मुसीबतों से ग्रस्त रहा, तथा अन्तत: विफल हो गया ।"

"The Cripps Mission was plagued throughout, and ultimately torpedoed." *10*

**Q2.** (a) अपवहन सिद्धान्त कहाँ तक उपनिवेशवाद की राष्ट्रवादी समालोचना का केन्द्र-बिन्दु था ?

How far was the drain theory a focal point of nationalist critique of colonialism ? *20*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(b) भारत में पश्चिमी शिक्षा को लागू करवाए जाने के लिए प्रयासरत शक्तियों का परीक्षण कीजिए । ईसाई धर्म-प्रचारकों द्वारा इसके लिए डाले गए दबाव का विश्लेषण कीजिए ।

Examine the forces at work for the introduction of western education in India. Analyse the thrust given to it by the Christian Missionaries. *20*

(c) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि कर्नाटक में आंग्ल-फ्रांसीसी संघर्ष ने दक्षिण भारत के प्रान्तीय क्षत्रपों की आन्तरिक अवनति को प्रदर्शित किया ?

Do you subscribe to the view that the Anglo-French tussle in Carnatic demonstrated the internal decay of the provincial chieftains of South India ? *10*

**Q3.** (a) बंगाल में स्वदेशी आन्दोलन की प्रमुख प्रवृत्तियों की आप किस प्रकार व्याख्या करेंगे ?

How would you explain the major trends of the Swadeshi Movement in Bengal ? *20*

(b) क्या यह कहना न्यायोचित है कि 1935 के गवर्नन्मेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट में सभी ब्रेक्स थे, परन्तु कोई इंजन नहीं था ?

Is it justified to say that the Government of India Act of 1935 had all brakes, but no engine ? *20*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(c) विधवा पुनर्विवाह आन्दोलन भारतीय स्त्रियों के प्रति सामाजिक सरोकार उत्पन्न करने में कहाँ तक प्रभावशाली रहा ?

How far was the widow remarriage movement effective in arousing social concern for Indian women ? *10*

**Q4.** (a) भारत छोड़ो आन्दोलन को एक 'स्वत:स्फूर्त क्रान्ति' के रूप में क्यों चरित्रान्कित किया गया ? क्या इसने भारतीय स्वतंत्रता की प्रक्रिया को तीव्रता प्रदान की ?

Why is the Quit India Movement characterised as a 'Spontaneous Revolution' ? Did it accelerate the process of Indian independence ? *20*

(b) भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

Assess the role of Subhas Chandra Bose in India's struggle for independence. *20*

(c) सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं पंचायती राज के प्रारम्भ किए जाने से ग्रामीण भारत के कल्याण को प्रोत्साहन कैसे मिला है ?

How did the introduction of Community Development Programme and Panchayati Raj promote welfare of rural India ? *10*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए :**
**Critically examine the following statements in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "मुक्त व्यापारियों के तर्क आर्थिक दृढ़-निश्चितता, सामाजिक हितकारिता, सर्वदेशीय आदर्शवाद एवं वर्ग पूर्वाग्रह का विलक्षण मिश्रण थे ।"

"The arguments of the free traders were a curious mixture of economic hard-headedness, social benevolence, cosmopolitan idealism and class prejudice." *10*

(b) "1914 – 18 का युद्ध कई दृष्टियों से अभूतपूर्व था एवं मानव इतिहास में, पूर्णतया नवीन ।"

"There are many ways in which the war of 1914 – 18 was unprecedented, and in human history, entirely novel." *10*

(c) "लीग ऑफ़ नेशन्स की चीन पर जापानी आक्रमण को बचाने या रोक पाने में निष्प्रभाविता, सुरक्षा प्रदान करने वाली एक एजेंसी के रूप में उसकी प्रतिष्ठा को प्रथम गम्भीर आघात था ।"

"The ineffectiveness of the League of Nations to prevent or to check Japanese aggression against China was the first serious blow to its prestige as an agency for providing security." *10*

(d) "गुटनिरपेक्षता, भारत तथा अन्य नव स्वतन्त्र राष्ट्रों के उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद से अपनी स्वतन्त्रता बनाए रखने व सशक्त करने के संघर्ष के प्रतीक के रूप में मानी गई ।"

"Non-alignment came to symbolize the struggle of India and other newly independent nations to retain and strengthen their independence from colonialism and imperialism." *10*

(e) पूर्व-मार्क्सवादी समाजवाद की प्रकृति की आप कैसे व्याख्या करेंगे ?

How would you explain the nature of pre-Marxian Socialism ? *10*

**Q6.** (a) यूरोप में सरकारों की नीतियों ने औद्योगीकरण की प्रक्रिया को किस प्रकार सुसाध्य किया ?

How did the policies of governments facilitate the process of industrialisation in Europe ? *20*

(b) इटली को 'एक भौगोलिक अभिव्यक्ति' से एक राष्ट्र-राज्य के रूप में कैसे परिवर्तित किया गया ?

How was Italy transformed from 'a geographical expression' to a nation-state ? *20*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(c) फ्रांस की अर्थव्यवस्था को सहायता पहुँचाने का नेपोलियन का तरज़ीही दृष्टिकोण फ्रांस को कहाँ तक महाद्वीपीय संघर्षों में उलझाने में परिणत हुआ ?

How far did the Napoleonic preferential stance to help out the French economy result in embroiling France in continental conflicts ? *10*

**Q7.** (a) 19वीं शताब्दी में मलाया में ब्रिटिश औपनिवेशिक हस्तक्षेप के लिए आप किन कारकों को उत्तरदायी ठहराएँगे ? ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के प्रति मलयों ने कैसी प्रतिक्रिया की ?

Which factors would you attribute to the British colonial intervention in Malaya in the $19^{th}$ century ? How did Malays react to British colonial rule ? *20*

(b) व्याख्या कीजिए कि लैटिन अमरीका क्यों पूरी 19वीं शताब्दी के अधिकांश काल में चिरकालिक राजनीतिक अस्थिरता एवं क्षेत्रीय सैनिक संघर्षों में घिरा रहा ।

Explain why Latin America was beset with chronic political instability and endemic military conflicts throughout most of the $19^{th}$ century. *20*

(c) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि नाटो (NATO) के गठन ने वैश्विक समस्याओं के प्रति अमरीकी दृष्टिकोण में एक क्रान्ति को अंकित किया ?

Do you agree with the view that the formation of NATO marked a revolution in American attitude to the world problems ? *10*

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**Q8.** (a) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि यूनानी स्वतंत्रता युद्ध श्रेष्ठ एवं निकृष्ट घटनाओं के वैषम्यों में फँसा रहा ? इसने यूरोपीय व्यवस्था (कान्सर्ट ऑफ यूरोप) को किस प्रकार प्रभावित किया ?

Do you subscribe to the view that the Greek War of Independence was mired in contrasts of the best and the worst episodes ? How did it affect the Concert of Europe ? *20*

(b) क्या म्यूनिख़ में हिटलर को चेकोस्लोवाकिया एक तस्तरी में पेश किया गया ? इसके क्या निहितार्थ थे ?

Was Czechoslovakia served on a dish to Hitler at Munich ? What were its implications ? *20*

(c) द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् अरब एकता लाने में मिस्र की भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the role of Egypt after the Second World War in bringing about Arab unity. *10*

SPM IAS ACADEMY
SHARING BRILLIANCE